वन उत्पादकता संस्थान, रांची

“आयुष आपके द्वार”

दिनांक: 09.09.2021

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयुष मंत्रालय द्वारा प्रायोजित “आयुष आपके द्वार” विषय पर वन उत्पादकता संस्थान, रांची के निदेशक डा. नितिन कुलकर्णी के मार्गदर्शन में एक राष्ट्रीय अभियान कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण अनुसंधान केंद्र, सुकना, दार्जिलिंग के सौजन्य से वन उत्पादकता संस्थान, रांची के द्वारा दिनांक 09.09.2021 को पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी प्रखंड के मनीराम ग्राम पंचायत राकमजोत (सिउबर) में किया गया जिसकी अध्यक्षता संयुक्त वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री बीरभद्र सिंह प्रधान ने किया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ पर्यावरण अनुसंधान केंद्र, सुकना के प्रभारी अधिकारी श्री पी.सी. लकड़ा, भा.व.से. द्वारा कार्यक्रम एवं इसकी आवश्यकता की परिचय के साथ हुआ। श्री लकड़ा ने औषधीय पौधों की मांग एवं उत्पादन की तुलनात्मक विवेचना करते हुए आयुष मंत्रालय द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम को एक सकारात्मक एवं उपयोगी पहल बताया तथा स्पष्ट किया कि इस दिशा में जागरुकता एवं उत्साहित करने की आवश्यकता है।

श्री सरोज विश्वकर्मा, Project Fellow ने औषधीय पौधों के महत्व और उपयोग के विषय में विस्तार से बताया। औषधीय पौधा संग्रहण, भंडारण, विपमन आदि को विस्तार से समझाते हुए उसकी पहचान एवं उत्पादन क्षेत्र का वर्णन किया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में मुख्य अतिथि सह कार्यक्रम अध्यक्ष श्री बीरभद्र सिंह प्रधान ने प्रतिभागियों को औषधीय पौध उत्पादन के प्रति जागरुक किया एवं प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत अभियान के परिचय के साथ हुई। सरोज विश्वकर्मा, प्रोजेक्ट फेलो द्वारा प्रतिभागियों को औषधीय पौधे के महत्व और उपयोग के बारे में बताया गया। कार्यक्रम समापन से पूर्व पर्यावरणीय अनुसंधान केंद्र सुकना द्वारा तैयार एकोरस कैलमस, राउवोल्फिया सर्पेंटिना, टिनोसपोरा कार्डिफोलिया और टर्मिनेलिया अर्जुन औषधीय पौधो को अतिथियों द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों के बीच वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वन उपादकता संथान, रांची के पर्यावरण अनुसंधान केंद्र सुकना, दार्जिलिंग के श्री प्रमोद चंद लकड़ा, आई.एफ.एस., उप वन संरक्षक, द्वारा किया गया।

Ministry of AYUSH
AYUSH AAPKE DWAR
Distribution of Medicinal Plants Saplings

AYUSH AAPKE DWAR
Distribution of Medicinal Plants Saplings

आयोजित कार्यक्रम की झलकियां

आयोजित कार्यक्रम की झलकियां

आयोजित कार्यक्रम की झलकियां